तापमान
अधिकतम 32.2 डिग्री
न्यूनतम 17.2 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 18 मार्च 2025

12 800 एकड़ में स्थापित होगी आईएमटी
12 राज्य सरकार ने बजट में योजना का किया ऐलान



## खबर संक्षेप

### नहर में पत्नी का मिला शव, पति लापता

**पानीपत।** करनाल के कमालपुर रोड़ान में पानीपत नहर में पत्नी राजबाला का शव मिला है, लेकिन पति महेंद्र का अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। पानीपत पुलिस ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि महिला की हत्या की गई है, राजबाला के शव का डॉक्टरों के बोर्ड ने पोस्टमाम किया है। पुलिस महेंद्र की तलाश में जुटी है। इधर, इंद्री थाना प्रभारी विपिन ने बताया कि इस मामले में महेंद्र के बेटे हिम्मत सिंह व भाई सुरेंद्र से भी पूछताछ की है, क्योंकि महेंद्र और सुरेंद्र के बीच कोई जमीनी विवाद की भी बाते सामने आई थी, लेकिन चाचा और भतीजे से पूछताछ में कोई भी स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पाई है।

### आवास योजना का पोर्टल खुला

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बताया कि जरूरतमंद लोगों का अपना पक्का घर होने का सपना अब जल्द पूरा होने जा रहा है। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण को लेकर सरकार ने पोर्टल खोल दिया है। जिला एवं खंड स्तर के कर्मचारी इस योजना का लाभ पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए लग गए हैं। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के प्रत्येक आवासहीन परिवार को एक पक्का आवास उपलब्ध कराना है।

### रेडक्रास कार्यालय का किया औचक निरीक्षण

**पानीपत।** भारतीय रेडक्रास सोसाइटी के उपाध्यक्ष अंकुश मिगलानी ने हरियाणा रेडक्रास कार्यालय का औचक निरीक्षण करके संस्था द्वारा चलाई जा रही गतिविधियों का जाजया लिया। इस दौरान उन्होनें रैडक्रास भवन में रक्त सैंटर, कम्पयूटर सैंटर, टीआई प्रोजैक्ट व दिव्यांगजनों को उपलब्ध करवाई जा रही सुविधाओं की जानकारी हासिल कर कर्मचारियों से भी उनकी समस्याओं बारे जानकारी हासिल की। वहीं रैडक्रास के पदाधिकारीगण व कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्वक संपंन

**पानीपत।** जिला पानीपत में दसवीं की सामाजिक विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिसमें स्कूल प्रबंधन समिति व पुलिस प्रशासन के कड़े पहरे में कोई भी शरारती तत्व कहीं भी दिखाई नहीं दिए। दसवीं की परीक्षाओं को नकल रहित अभियान बनाने में सफल रहे।

### ठाकुरदास मंदिर पर ग्रेनाइट हमले की निंदा

**पानीपत।** नार्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन ऑर्गेनाइजेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक की अध्यक्षता में लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में बैठक का आयोजन किया और आतंकवादी संगठनों द्वारा किए गए ठाकुरदास मंदिर पर ग्रेनाइट हमले की निंदा की गई। बैठक में राजपाल कश्यप, जगजीत सिंह, मांगेराम मलिक, कमलजीत सिंह, देवेंद्र रामणे, मयंक मलिक, दिनेश शर्मा, संदीप आचार्य, परमजीत जागलान, दीपक मित्तल, अनिल पघांल व दीपक देशवाल आदि मौजूद रहे।

### शराब की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना इसराना पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान शाहपुर नाका पर वाहनों की जांच करते हुए पानीपत नंबर एक सफेद रंग की टियागो कार में सवार दो युवकों को भारी मात्रा में अवैध शराब सहित काबू करने में कामयाबी हासिल की। आरोपियों की पहचान संग्राम निवासी सिवाह व संजय निवासी शास्त्री कॉलोनी सोनीपत के रूप में हुई। कार से अवैध 48 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल स्टेग, 24 बोतल व 24 अध्धे अंग्रेजी शराब मार्का रॉयल ग्रीन, 12 बोतल अंग्रेजी शराब मार्का स्टरलिग व 60 बोतल बीयर बरामद हुई।

## एक साल में 10वीं बार कार्यालय में दिया चोरी की वारदात को अंजाम

# बिजली निगम के एसडीओ सिटी सब डिवीजन कार्यालय में लाखों की चोरी

- पुलिस और प्रशासन की निष्क्रियता से बढ़ा चोरों का हौसला, कर्मचारियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हांसी

भिवानी रोड स्थित दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम हांसी के एसडीओ सिटी सब डिवीजन कार्यालय में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं, लेकिन प्रशासन और पुलिस की निष्क्रियता के चलते अब यह समस्या और गंभीर हो चुकी है। अज्ञात चोरों ने 16 मार्च की रात को निगम के जूनियर इंजीनियर (जेई) कर्मबीर पहल के कार्यालय में सेंध लगाकर लाखों रुपये का कीमती सामान और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को चुराकर ले गए।

जेई कर्मबीर ने बताया कि चोरों ने कार्यालय का ताला तोड़कर वहां रखी महत्वपूर्ण फाइलों, दस्तावेजों और बहुमूल्य सामान को चुराकर ले गए। उन्होंने बताया कि बार-बार हो रही इन घटनाओं के बावजूद, न तो पुलिस ने कोई ठोस कदम उठाया और न ही बिजली विभाग के अधिकारियों ने कार्यालय में सामान व दस्तावेजों की सुरक्षा को लेकर कोई सख्त निर्णय लिया।



हांसी। बिजली निगम कार्यालय में चोरी की वारदात को दिखाते निगम कर्मचारी।

### कर्मचारियों में आक्रोश, ठोस कार्रवाई की मांग

बिजली निगम कार्यालय में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से बिजली निगम के कर्मचारियों में भारी रोष है। कर्मचारियों ने निगम के उच्च अधिकारियों और प्रशासन से जल्द से जल्द दफ्तर को नई बिल्डिंग में स्थानांतरित करने की मांग की है। कर्मचारी नेताओं का कहना है कि यदि इस संबंध में जल्द कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो कर्मचारी विरोध प्रदर्शन करने पर भी मजबूर हो सकते हैं।

### लगातार हो रही हैं चोरी

जेई के अनुसार, यह पहली बार नहीं है जब एसडीओ सिटी सब डिवीजन के कार्यालय को चोरों ने निशाना बनाया है। पिछले एक साल में यह लगभग 10वीं बार है जब कार्यालय में इस तरह की चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया है। उन्होंने बताया कि चोरी की वारदात के बाद हर बार पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई जाती है, लेकिन इसके बावजूद आज तक किसी भी चोरी का खुलासा नहीं हुआ। जबकि निगम कर्मचारियों द्वारा दफ्तर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज भी पुलिस को सौंपी गई थी, जिसमें चोरों की पहचान की जा सकती थी। लेकिन बावजूद इसके पुलिस द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई, जिससे स्पष्ट है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की लापरवाही या मिलीभगत के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हो चुके हैं।

# पत्नी पर पेट्रोल डाल कर आग लगाई, मौत

- पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति पहली पत्नी और पति के भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

पानीपत में पति ने अपनी पहली पत्नी और भाई के साथ मिलकर दूसरी पत्नी के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इसके बाद अपनी ससुराल में सूचना दी कि चाय बनाते वक्त हादसा हो गया। रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान महिला ने अपनी बहन को आपबीती बताई। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। जिसके बाद मृतका की बहन ने मामले की शिकायत पुलिस को दी है। थाना चांदनी बाग पुलिस ने शिकायत के आधार पर पति, पहली पत्नी और पति के भाई के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस को दी शिकायत में गोमती ने बताया कि वह रसूलाबाद, कानपुर की रहने वाली है। वे तीन बहनें थी। जिसमें मंझली बहन गौर प्रिया थी। जिसकी शादी आकाश निवासी गांव जलापुर, जिला हरदोई यूपी के साथ वर्ष 2022 में हुई थी। वे दोनों पिछले करीब दो माह से पानीपत में रह रहे थे। दोनों यहां फैक्ट्रियों में मजदूरी करते थे। नौ मार्च को आकाश ने सूचना दी कि तेरी बहन गौर प्रिया को फैक्ट्री के ऊपर बने कमरे में गैस सिलेंडर पर चाय बनाते हुए आग लग गई है। वह इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती है। सूचना मिलने पर वह अपनी बहन से मिलने रोहतक पीजीआई पहुंची। जहां नौ मार्च की शाम को गौर प्रिया ने उसे बताया कि तुम्हारे जीजा आकाश ने अपनी पहली पत्नी सिक्की निवासी कन्नौज यूपी व अपने भाई रवि के साथ मिलकर उसे जान से मारने की नीयत से उसके ऊपर मिट्टी का तेल डाल कर आग लगा दी थी। केस की जांच कर रहे एएसआई विकास ने बताया कि मृतका की बहन की शिकायत के आधार पर पति, पति की पहली पत्नी और पति के भाई पर हत्या का केस दर्ज कर लिया गया है।

### युवकों ने लाठी डंडों से किया हमला, तीन घायल

**यमुनानगर।** शहर की रूपनगर कॉलोनी में कहासुनी होने पर दर्जन भर से अधिक युवकों ने तीन लोगों को डंडों से पीट कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उनकी बाइक भी तोड़ दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। रूपनगर तीर्थ नगर निवासी लक्ष्मीकांत ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 14 मार्च को रात 11 बजे शिवनाथ तिवारी व अभिषेक के साथ बाइक पर किसी काम से जा रहा था। इस दौरान कॉलोनी के ही राहुल, सुमित तोमर, आदित्य ठाकुर, आलोक, अभिषेक, अमन व सूरज ने अपने दर्जन भर अन्य साथियों के साथ मिलकर उन पर डंडों से हमला कर दिया। जिससे वह तीनों घायल हो गए। इस दौरान आरोपियों ने उनकी बाइक भी तोड़ दी। अन्य लोगों को मौके पर आता देखकर आरोपी मौके से भाग गए। उसने मामले की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद सात आरोपियों को नामजद करते हुए दर्जन भर अन्य लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# अवैध खनन में लिप्त एक वाहन किया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ करनाल

जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार अवैध खनन/परिवहन में लिप्त एक वाहन को जब्त किया गया है।

जिला के खनन अधिकारी निरंजन लाल के अनुसार खनन व भू विज्ञान के महानिदेशक के एम पांडुरंग तथा उपायुक्त उत्तम सिंह के निर्देशानुसार जिला में अवैध खनन करने वालों के खिलाफ मुहिम जारी है। उन्होंने बताया कि गत दिवस एचएसईएनबी के स्टाफ एसआई जितेंद्र, ईएसआई देवेंद्र, एचसी प्रमिन्दर सिंह व खनन रक्षक रोहताश, ईएएसआई सुरेंद्र सिंह की टीम ने एक रेत से भरा हुआ एक ट्रक पकड़ा। जिसको चेंक करने पर चालक के पास ई-रवाना बिल प्राप्त नहीं हुआ। जिसको विराईटी कांटा मेरठ रोड में लाकर खड़ा किया गया जिसका नम्बर एचआर-45-सी-1031 है। जिसके बाद वाहन की फोटो लेकर करनाल में जब्त कर लिया गया।



### देवर-भाभी पर चाकू व गंडासी से हमला, घायल

**यमुनानगर।** गांव रामपुर खादर में आधा दर्जन युवकों ने रंजिश के चलते देवर व भाभी पर गंडासी व चाकू से हमला कर घायल कर दिया। घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आधा दर्जन आरोपी युवकों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव रामपुर खादर निवासी अभय शर्मा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका कुछ दिन पहले गांव के ही मोहित व रोहित के साथ किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। जिसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। अभय शर्मा ने बताया कि 14 मार्च को दोपहर तीन बजे रंजिश के चलते मोहित व रोहित ने अपने साथियों नितिन, संजीव, वेद प्रकाश व विक्की के साथ मिलकर उसे पर गंडासी व चाकू से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब उसकी भाभी प्रीति उसे आरोपियों से छुड़वाने के लिए आई तो आरोपियों ने उसे पर भी हमला कर उसे भी घायल कर दिया। लोगों को आता देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया और मामले की सूचना पुलिस को दी।

# भाजपा ने फिर मनदीप राणा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भाजपा ने एक बार फिर मनदीप राणा को जिलाध्यक्ष नियुक्त किया है। सोमवार सुबह 10 बजे भाजपा कार्यालय में जिला चुनाव अधिकारी एवं पूर्व मंत्री कंवरपाल ने इसकी आधिकारिक घोषणा की। भाजपा जिलाध्यक्ष पद के लिए कुल 34 कार्यकर्ताओं ने आवेदन किया था। रविवार को पार्टी कार्यालय में नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रदेश नेतृत्व को रिपोर्ट भेजी गई थी। पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के फीडबैक के आधार पर प्रदेश चुनाव समिति ने दोबारा मंदीप राणा के नाम को मंजूरी दी।

चुनाव अधिकारी पूर्व मंत्री कंवर पाल ने कहा कि भाजपा में सब कुछ चुनावी प्रक्रिया से होता है। कल 34 लोगों ने आवेदन किया था। जिन्होंने पूरा फैसला प्रदेश अध्यक्ष को सौंप दिया था। कार्यकर्ताओं को पार्टी में लोकतांत्रिक व्यवस्था पर अपनी मुहर लगाने और चुनाव में भाग लेने का मौका देते हुए पार्टी ने जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों से आवेदन मांगे थे। मनदीप राणा पूर्व मंत्री असीम गोयल के करीबी हैं। उन्होंने ही मनदीप का नाम अध्यक्ष बनाने के लिए आगे बढ़ाया था। राणा ने अपने पिछले कार्यकाल में कई चुनावों में भाजपा को संगठन के तौर पर मजबूत करने का काम किया है।



### पानीपत में फार्मा कंपनी के प्रबंधक की हत्या

**पानीपत।** चांदनीबाग थाना क्षेत्र में सोमवार को दिन दहाड़े फार्मा कंपनी के प्रबंधक की हत्या कर दी गई। दोपहर करीब ढाई बजे बाइक सवार अज्ञात बदमाशों ने युवक की बाइक का रास्ता रोका। इसके बाद उस पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया गया। मौके पर छाती पर चाकू लगने से दिल फट गया और उसकी मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। शव को सिविल अस्पताल भिजवाया गया। जहां उसका पंचनामा भरवा कर शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस ने परिजनों की शिकायत के आधार पर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी हैजानकारी देते हुए रघुबीर सिंह ने बताया कि वह कैथल के गांव डियोड खेड़ी का रहने वाला है। उसका भतीजा रामनिवास था। जो पानीपत में रिसालू रोड स्थित एक फार्मा कंपनी में बतौर मैनेजर पिछले करीब 8 साल से काम करता था। रोजाना की तरह वह सुबह घर से पानीपत काम पर पहुंचा। दोपहर को पुलिस ने उसकी हत्या होने की सूचना दी।

## मनरेगा योजना के तहत मजदूरी के पैसे भाई के खाते में डलवाने पर सरपंच गिरफ्तार

- पुलिस ने सरपंच समेत तीन आरोपियों के खिलाफ दर्ज किया है केस
- बीडीपीओ की शिकायत पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

मनरेगा के पैसे हड़पने के आरोप में पुलिस ने बटरोहन के सरपंच को गिरफ्तार किया है। बीडीपीओ की ओर से सरपंच के खिलाफ शिकायत दी गई थी। अदालत ने सरपंच को जेल भेज दिया है। पुलिस ने इस मामले में के सरपंच राजिंद्र के साथ सुरेंद्र पाल और कृष्ण लाला को आरोपी बनाया है। बीडीपीओ की शिकायत के अनुसार राजेंद्र ने अपने पद का दुरुपयोग किया। उसने फर्जी तरीके से अपने ही भाई सुरेंद्र पाल और कृष्ण लाल के खाते में बिना काम किए ही मनरेगा में मजदूरी करने के पैसे डलवा दिए थे। जांच के दौरान सुरेंद्र के खाते में 35 हजार 724 रुपये तो कृष्ण लाल के खाते में 51 हजार 803 रुपये डाले गए। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई गई। कमेटी की रिपोर्ट में पाया गया कि सरपंच ने गलत तरीके से दोनों के खातों में पैसे डलवाए हैं। इसके आधार पर सरपंच सहित अन्य दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। नग्गल थाना प्रभारी कर्मवीर सिंह ने बताया कि बीडीपीओ की शिकायत पर सरपंच को काबू करने की कार्रवाई की गई है। अदालत ने आरोपी सरपंच को जेल भेज दिया है। बचे दो आरोपियों को भी काबू करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जांच अधिकारी ने बताया कि गिरफ्तारी के डर से आरोपी अंडरग्राउंड हो गए हैं।

# हिट एंड रन योजना में सहयोग न करने वाले अस्पताल संचालकों पर होगा एक्शन

- डीसी व एसपी ने अस्पताल संचालकों के साथ हिट एंड रन योजना को लेकर बैठक की

हरिभूमि न्यूज ⏭ पानीपत

भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना कंपनसेशन टू विक्टिम ऑफ हिट एंड रन के संदर्भ में सोमवार को जिला सचिवालय में सोमवार को उपायुक्त डॉ वीरेंद्र दहिया ने नगर के सभी प्राइवेट व सरकारी अस्पतालों के डॉक्टर के साथ मीटिंग कर कहा कि जो हॉस्पिटल आयुष्मान भारत स्कीम के तहत पैनल पर हैं व हिट एंड रन योजना की बैठक में गैर हाजिर रहे है। चाहे वो सरकारी है या निजी हॉस्पिटलों के संचालक हैं के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। उनके उच्च अधिकारियों को सरकार के इस कार्य में सहयोग न करने के लिए लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि सडक़ दुर्घटनाओं में कमी लाने को लेकर व सडक़ हादसों का शिकार होने वाले लोगों की जान बचाने के लिए केंद्र सरकार ने इस योजना को शुरू किया है। इसमें उन अस्पतालों का सहयोग लिया जाएगा जो सरकार के पैनल पर है व सभी सुविधाओं से परिपूर्ण है। इसके लिए सभी अस्पतालों को अपनी आईडी बनानी पड़ेगी ताकि उसकी सूचना पुलिस द्वारा दी जाने पर तत्काल उपचार प्रारंभ किया जा सके वे दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति की जान बचाई जा सके।



पानीपत। उपायुक्त डॉ. वीके दहिया व पुलिस अधीक्षक लोकेंद्र सिंह, अस्पताल संचालकों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### युवती ने नकली टॉप्स देकर सुनार से ठगे सोने के सिक्के व अंगूठी

**यमुनानगर।** एक युवती ने सुनार की दुकान पर पहुंचकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। युवती ने नकली टॉप्स देकर सुनार से सोने के सिक्के व अंगूठी ठग ली। सुनार की शिकायत के बाद पुलिस ने तुरंत ही केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने आरोपी युवती को गिरफ्तार कर लिया है। जिसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। मॉडल टाउन निवासी सुभाष चंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सुनार की दुकान है। उनकी दुकान पर एक युवती आई थी। युवती ने सोने के सिक्के दिखाने को कहा। जिसके बाद उसे दो-दो ग्राम के चार सोने के सिक्के दे दिए। साथ ही एक अंगूठी भी युवती ने ली। बाद में युवती ने अपने टॉप्स सुनार को बदले में दिए। टॉप्स पर भी हॉलमार्क था। युवती ने एक अगले दिन टॉप्स का बिल देने की बात कही और सामान लेकर वहां से निकल गई। युवती के जाने के बाद टॉप्स की जांच की तो पता चला कि वह नकली थे। उसने तुरंत ही इसकी शिकायत पुलिस को दी। शहर थाना यमुनानगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज के आधार पर युवती को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपियुक्ति की पहचान सरदीप के रूप में हुई। पुलिस ने आरोप ए युक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।



## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में करनाल के दो किसानों का सम्मान

**करनाल।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में सोमवार को किसान मेला का आयोजन किया गया। इस किसान मेले में पूरे प्रदेश के सभी किसानों को उनके कृषि और सम्बंधित क्षेत्रो में अग्रन्नीय कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। 40 में से 20 महिला किसानों को सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में करनाल जिले से महिला किसान हीना देवी पत्नी प्रवीन कुमार, निवासी कुच्पुरा तथा कैमला निवासी सतपाल सिंह को सर्टिफिकेट, मोमेंटो तथा चद्दर और शाल उठाकर सम्मानित किया सतपाल सिंह को फसल अवशेष प्रबंधन तथा हीना को किचन गार्डनिंग में सराहनीय कार्यों के लिए यह सम्मान प्राप्त हुआ। विश्वविधालय के कुलपति प्रोफेसर बलदेव राज काम्बोज ने सभी किसानों को सम्मानित करते हुए सभी किसानों की उनके कार्यों के प्रति रूचि के भूरी भूरी प्रशंसा की। कृषि विज्ञान केंद्र, उचानी के कोऑर्डिनेटर डॉ महा सिंह ने बताया की किसानों को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित करके विश्वविद्यालय का बाकि के किसान भाइयों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा प्रदान करना हैं।

**परेशानी** मौसम में गर्माहट बढ़ती रही तो समय से पहले पक सकती है गेहूं

# मौसम में बढ़ते तापमान से गेहूं की फसल को लेकर किसान हुए चिंतित

तापमान बढ़ने से गेहूं की पैदावार पर पड़ सकता है असर

- सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

मौसम में अचानक बढ़े तापमान से खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं पर असर दिखना शुरू हो गया है। किसानों की मानें तो यदि मौसम में तापमान अगले कुछ दिन तक इसी तरह बढ़ता रहा और तेज हवा चलती रही तो गेहूं की पैदावार कम होने की आशंका है और यह समय से पहले पक सकती है। जिसे लेकर किसान चिंतित हो उठे हैं। वहीं कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को बढ़ते तापमान और तेज हवा के चलते दिन के समय सिंचाई न करने की सलाह दी। उधर, सोमवार को जिले का अधिकतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम 14 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

विभागीय आंकड़ो के मुताबिक इस वर्ष जिले में करीब 70 हजार हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई की गई है। इस समय खेतों में गेहूं की अगेती फसल पकने को तैयार खड़ी है, जबकि पछेती किस्म की गेहूं में बालियों में दाना पड़ने लग रहा है। ऐसे में यदि तापमान बढ़ता रहा तो गेहूं की बालियों में दाना पिचक कर पैदावार कम कर सकता है।

कृषि विशेषज्ञों के मुताबिक फिलहाल गेहूं ज्यादा तापमान सहन करने लायक नहीं है। अगले कुछ दिनों तक गरमी यूं ही बढ़ी तो गेहूं का दाना पिचक जाएगा। गेहूं का दाना अगर पिचका तो निश्चित ही पैदावार कम होगी। वहीं, किसान पवन कुमार, सुदेश कुमार, लाभ सिंह, सुरेश व सतीश कुमार का कहना है कि पिछले कई दिन से मौसम में जहां तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। वहीं, तेज हवा के झोंके चलने से गेहूं की सिंचाई भी प्रभावित हो रही है। क्योंकि ऐसे में फसल में पानी देना गेहूं की फसल को बर्बाद करने के समान है।



यमुनानगर। क्षेत्र में खेतों में पकने को तैयार खड़ी गेहूं फसल। फोटो : हरिभूमि

### सिंचाई नहीं करने की सलाह

कृषि विशेषज्ञ डॉ. महेश ने किसानों को बढ़ते तापमान में गेहूं की फसल में दिन के समय सिंचाई नहीं करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि किसानों को चाहिए कि गेहूं की फसल में हवा बंद होने पर रात्रि के समय ही सिंचाई करें।

## हरियाणा के पहले 'नायब' बजट पर कहीं खुशी तो कहीं गम

# सत्ता पक्ष को बजट में दिखा सबकुछ हरा-हरा विपक्ष को दिखाई दिया महज एक छलावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वित्तमंत्री के रूप में सोमवार को अपना पहला बजट विधानसभा में पेश किया। मुख्यमंत्री के पहले बजट पर सत्ता पक्ष और विपक्ष ने अपनी अलग अलग प्रतिक्रियाएं दी। सत्ता पक्ष को जहां बजट को सभी वर्गों के हित में बताया। भाजपा ने बजट को सभी के लिए हितकारी व जनकल्याणकारी बताया। विपक्ष ने बजट महज एक छलावा ही नजर आया। नायब सिंह सैनी के मुख्यमंत्री काल में आए पहले आम बजट पर हरिभूमि ने विभिन्न वर्गों के लोगों से बातचीत करके आम बजट के बारे में उनकी प्रतिक्रियाएं जानी।



यमुनानगर। सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को ज्ञापन सौंपते हुए उद्योग व्यापार मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि।

### सभी वर्गों के लिए लाभकारी है बजट

उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने बजट को सराहनीय बताया।



उन्होंने कहा कि आम बजट में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सभी वर्गों को कुछ न कुछ दिया है। आने वाले दिनों में इस आम बजट से सभी वर्गों को लाभ मिलेगा। उन्होंने सभी वर्गो के लिए राहत भरे इस बजट के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व सरकार को बधाई दी।

### घोषणाओं का पुलिंदा है आम बजट

आप नेता ललित त्यागी ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा प्रस्तुत बजट को मात्र घोषणाओं का



पुलिंदा बताया। ललित त्यागी ने कहा की यमुनानगर एक औद्योगिक नगरी है। मुख्यमंत्री ने बजट में डूबते प्लाईवुड व बर्तन उद्योग को कुछ राहत नहीं दी। जिले में प्लाईवुड व बर्तन उद्योग पर लगभग दो लाख मजदूर आश्रित हैं। मगर इसके लिए कुछ नहीं किया गया।

## कुछ ऐसे समझें मुख्यमंत्री नायब सैनी के पहले आम बजट पर किसने क्या कहा

### सीएम ने दिया बेहतर बजट

भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि वित्त मंत्री होने के नाते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने राज्य को बेहतरीन बजट दिया है। इस बजट



में मुख्यमंत्री द्वारा जहां किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। जिनमें किसानों को नकली बीज व कीटनाशक के चंगुल से बचाने के लिए बिल लाए जाने की बात कही गई है। वहीं, एक लाख एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती करने का लक्ष्य रखा गया है। देसी गाय खरीदने पर 25 हजार के अनुदान को बढ़ाकर 30 हजार रुपये कर दिया गया है। इसी तरह धान की खेती छोड़ने वाले किसानों को प्रति एकड़ 8 हजार अनुदान राशि दिए जाने की बात कही गई है।

उद्योगों को विकसित करने, बागवानी को बढ़ावा देने, युवाओं के लिए रोजगार मुहैया करवाए जाने समेत महिलाओं, मजदूरों व अन्य वर्गों के लिए कई कारगर कदम उठाए गए हैं। उनका कहना है कि करोड़ों रुपये के इस बजट से किसान, व्यापारी, मजदूर, कर्मचारी, महिला, युवा समेत हर वर्ग इससे लाभान्वित होगा। खास बात यह है कि यमुनानगर में लीची, स्ट्राबेरी और खजूर के लिए तीन नए उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने के प्रस्ताव से काफी लाभ मिलेगा।

### बजट में किसानों के हाथ रहे खाली

भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान का कहना है कि इस बार भी हरियाणा सरकार के आम बजट में किसानों के हाथ खाली



ही रहे। सरकार ने आम बजट में कहीं भी किसानों की आर्थिक सुधारने के लिए ठोस नीति की घोषणा नहीं की गई। वहीं, लागत के अनुरूप फसलों के लाभकारी मूल्य दिए जाने, कर्ज माफ किए जाने समेत खेती को विकसित करने, किसानों की आए दोगुनी करने के लिए कोई ठोस घोषणा नहीं करके किसान वर्ग को निराश किया गया। उन्होंने कहा कि बीजेपी किसानों को केवल वोट बैंक तक सीमित रखना चाहती है। अपने 11 साल के बजट में किसानों के कल्याण के लिए अभी तक ऐसा कुछ नहीं किया। जिससे भाजपा के वायदे अनुसार किसानों की आय दोगुणा होती दिखे।

### जिले को नहीं मिली कोई बड़ी परियोजना



बसपा के पूर्व प्रदेश महासचिव डॉ. निर्मल सिंह का कहना है कि हरियाणा सरकार के बजट में यमुनानगर जिले के लिए कोई बड़ी परियोजना की घोषणा नहीं हुई। सरकार को चाहिए था कि जिले में कोई बड़ी परियोजना स्थापित कर बेरोजगारों को राहत दिए जाने का काम किया जाता। उनका कहना है कि बजट में युवाओं, मजदूरों, व्यापारियों व किसानों समेत अन्य वर्गों के लिए कोई राहत की बात नहीं कही गई है। आज महंगाई इतनी बढ़ रही है। उस पर भी कंट्रोल करने के लिए कोई ठोस नीति बनाए जाने का जिक्र तक नहीं किया गया है।

## यमुनानगर से करनाल तक रेलवे लाइन पर जल्द कार्य शुरू करवाए सरकार: मित्तल

**यमुनानगर।** केंद्रीय सरकार की महत्वाकांक्षी योजना यमुनानगर से करनाल व यमुनानगर से चंडीगढ़ तक बनाई जाने वाली रेलवे लाइन पर जल्द कार्य शुरु करवाए जाने की मांग को लेकर उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के सदस्यों ने सोमवार को मुख्यमंत्री के नाम सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मंडल के सदस्यों ने केंद्रीय रेल मंत्री को भी डाक द्वारा व मेल करके ज्ञापन को भेजा गया है।

- मंडल के सदस्यों ने केंद्रीय रेल मंत्री के नाम मेल व डाक द्वारा भी भेजा गया ज्ञापन

उद्योग व्यापार मंडल के दर्जनों सदस्यों ने सोमवार को मंडल के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल व कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष संजय मित्तल के नेतृत्व में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा के स्थानीय कार्यालय में पहुंचे और उन्हें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन सौंपा। प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा लंबे अर्से से यमुनानगर से चंडीगढ़ व यमुनानगर से करनाल तक रेलवे लाइन बिछाई जानी है। जिस पर अभी तक कार्य शुरु नहीं हुआ है। इन दोनों रेलवे लाइनों जल्द कार्य शुरु किए जाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को ज्ञापन सौंपा गया है। जबकि इस ज्ञापन की छाया प्रति केंद्रीय रेल मंत्री के नाम पर मेल व डाक के द्वारा भेजी गई है। उहोंने कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना के आरम्भ होने से क्षेत्र के लोगों की रेल यात्रा सुगम होगी और युवाओं को रोजगार मिलेंगे। इन दोनों मार्गों पर आने वाले गांव में संयोजिकता कनेक्टिविटी बढ़ेगी। महेन्द्र मित्तल ने कहा की छोटे और मध्यम व्यापारियों को अपने सामान के परिवहन मे आसान होनी। जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। इसके अलावा रेलवे सेवा के समय मे सुधार से पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। उद्योग व्यापार मंडल हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र मित्तल ने कहा कि रेल परिवहन भूमि पर सबसे तेज परिवहन है। ट्रेन तेज चलती है। और बिना रुकावट के चलती है। रेल परिवहन खराब मौसम में चलती है और सड़क की भीड़ को भी कम करती है। उन्होंने विधायक घनश्याम दास अरोड़ा से आग्रह किया कि वह सरकार के अंग हैं। इसलिए समाज की इस मांग को सरकार से अनुमोदित करवाकर दोनों रेलवे लाइनों पर निर्माण कार्य शुरु करवाएं। विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने मंडल सदस्यों को आश्वासन दिया कि वह सरकार के समक्ष यह मांग उठाएंगे। ताकि दोनों रेलवे लाइनों पर जल्द कार्य शुरु हो सके। इस अवसर पर प्रवीण वर्मा, विपिन गुप्ता, संजय शर्मा, दीपक कपूर, विशाल गुप्ता, पुलकित गर्ग, हर्षित कांबोज आदि मौजूद रहे।

**खबर संक्षेप**

### सचिवालय में ग्रीवेंस कमेटी की बैठक 21 को

**यमुनानगर।** जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 21 मार्च को लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित की जाएगी। डीसी पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी अध्यक्षता करेंगे और शिकायतों की सुनवाई कर उनका समाधान करेंगे। उन्होंने बताया कि बैठक 21 मार्च को सुबह 11 बजे जिला सचिवालय के सभागार कमरा नंबर 203 में होनी निश्चित हुई है। जिला के सभी विभागाध्यक्ष बैठक में भाग लेना सुनिश्चित करें। बैठक में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति के सभी गैर सरकारी सदस्यों को भी आमंत्रित किया गया है। डीसी ने सभी सदस्यों को बैठक में सभी को उपस्थित होने का आह्वान किया।

## जीएसटी एमनेस्टी योजना से कारोबारियों को मिलेगी राहत, लाभ लेने के लिए 30 जून तक कर सकते हैं आवेदन: गुप्ता

**यमुनानगर।** लंबे समय तक जीएसटी मामलों में उलझे कारोबारियों को राहत देने के उद्देश्य से सरकार ने जीएसटी एमनेस्टी 2025 योजना शुरू की है। इसके तहत व्यापारियों को केवल बकाया टैक्स जमा करवाना होगा। उन्होंने बताया कि बकाया टैक्स जमा करवाने की तिथि 31 मार्च तक लागू रहेगी तथा आवेदन करने की अवधि 30 जून 2025 तक रहेगी। जिला उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने यह जानकारी दी।



डीसी पार्थ गुप्ता

उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि यह योजना न केवल व्यापारियों को आर्थिक दबाव से बाहर निकालने में सहायक साबित होगी, बल्कि उन्हें अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाने का अवसर भी देगी। इस मौके पर उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त कृष्ण कुमार ने बताया कि जीएसटी एक्ट के सेक्शन 73 के तहत जीएसटी मामलों में अब केवल मूल कर राशि जमा करनी होगी। पात्र करदाताओं को ब्याज और जुर्माना राशि से राहत मिलेगी। यह योजना उन करदाताओं पर लागू होगी जिन पर वित्त वर्ष 2017-18, 2018-19 व 2019-20 के लिए बकाया कर की देनदारी है। उन्होंने बताया कि कारोबारी जीएसटी पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं । योजना का लाभ उठाने के लिए अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त (बिक्री)कर जगाधरी कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

# ट्यूबवेल मोटर चोर गिरोह का आतंक, एक रात में 14 किसानों के खेतों से मोटर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में ट्यूबवेल मोटर चोर गिरोह का आतंक फैला हुआ है। चोर प्रतिदिन किसानों के ट्यूबवेल से मोटर चोरी कर रहे हैं। इसी कड़ी में चोरों ने बीती रात जिले में एक साथ 14 किसानों के ट्यूबवेल से मोटर चोरी कर ली। किसानों ने पुलिस से ग्रामीण क्षेत्र में गश्त बढ़ाए जाने की मांग की है। करनाल के चौगावां निवासी प्रदीप कुमार ने जठलाना पुलिस को बताया कि उनके गांव की जमीन गांव गुमथला राव क्षेत्र में पड़ती है। वह शाम को खेतों से काम करके अपने घर आ गए थे। सुबह जब वह खेतों में पहुंचे तो उसके ट्यूबवेल से मोटर गायब मिली।

जब वह दूसरे ट्यूबवेल पर गया तो उसके दूसरे ट्यूबवेल से भी मोटर चोरी की गई थी। जांच करने पर गांव के ही गुरनाम सिंह, गुरमीत सिंह, नंदकिशोर, प्रदीप, प्रेमचंद, भारत सिंह, राजेंद्र कुमार, रामलाल व विनोद कुमार के ट्यूबवेल से भी मोटर गायब मिली। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। उधर, गांव रायपुर निवासी नाजिम ने बताया कि चोरों ने बीती रात उसके तथा उसके पड़ोसी गफूर व मेहंदी हसन के ट्यूबवेल से भी चोरों ने मोटर चोरी कर ली है।

गांव ताजपुर निवासी अजय कुमार ने सदर यमुनानगर पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसका ट्यूबवेल रतनपुरा क्षेत्र में पड़ता है। चोरों ने बीती रात ट्यूबवेल का ताला तोड़कर अंदर से मोटर चोरी कर ली। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### प्रशासन से पकड़ने की मांग

किसान साहब सिंह, विनोद कुमार तथा सुखदेव ने बताया कि जिले में प्रतिदिन चोर ट्यूबवेल से मोटर चोरी कर रहे हैं। जिससे किसानों को काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि जिले भर में ग्रामीण क्षेत्र में रात के समय पुलिस की गश्त बढ़ाई जाए। इसके साथ ही चोरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए।

### बाइक सवार युवक ने महिला से झपटा पर्स, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी के अग्रसेन कॉलेज के नजदीक बाइक सवार युवक ने महिला का पर्स झपट लिया। पर्स में 9580 रुपए थे। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार जगाधरी की विजयनगर कॉलोनी निवासी सनोवर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 16 मार्च को वह किसी काम से बाहर गई थी। दोपहर ढाई बजे वह काम खत्म करके घर लौट रही थी। जब वह जगाधरी के अग्रसेन कॉलेज के पास पहुंची तो पीछे से बाइक पर सवार होकर एक युवक आया। इस दौरान आरोपी युवक ने उसके हाथ से पर्स झपट लिया और मौके से भाग गया। युवक के धक्का देने पर वह नीचे गिर गई। उसने शोर मचाया तो आसपास के लोगों ने आरोपी का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया। मगर आरोपी बाइक समेत मौके से भागने में कामयाब हो गया। सनोवर ने बताया कि उसके पर्स में 9580 रुपए थे। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात बाइक सवार युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### 20 मार्च को सारण में जनता दरबार, रात्रि ठहराव भी होगा

**यमुनानगर।** गांवों में जनता दरबार कार्यक्रम के तहत 20 मार्च को खंड सरस्वती नगर के गांव सारण के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में आमजन की सुनवाई के लिए जनता दरबार लगाया जाएगा। इसके बाद गांव सारण में ही रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सीटीएम पीयूष गुप्ता ने यह जानकारी दी। नगराधीश पीयूष गुप्ता ने बताया कि रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत 20 मार्च को शाम चार बजे गांव सारन के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में रात्रि ठहराव कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांव सारन में आयोजित होने वाले जनता दरबार व रात्रि ठहराव कार्यक्रम में उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक राजीव देसवाल व जिला प्रशासन के अधिकारी गांव में रात्रि ठहराव कर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका समाधान करेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि उपरोक्त कार्यक्रम में निश्चित तिथि,समय व स्थान पर सभी अधिकारी पहुंचना सुनिश्चित करें। इसमें कोताही को किसी भी हालत में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

## मंसुरपुर में ब्राह्मण महासभा की बैठक, 23 के कार्यक्रम पर मंथन

**रादौर।** ब्राह्मण महासभा की गांव मंसूरपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता महासभा के जिला प्रधान सोमदत्त शर्मा ने की। जिसमें महासभा के राज्य प्रधान राकेश शर्मा एडवोकेट को पंचकुला बार एसोसिएशन का प्रधान चुने जाने पर शुभकामनाएं दी गई।

जिला प्रधान सोमदत्त शर्मा ने बताया कि बैठक में संगठन को मजबूत करने पर विचार विमर्श किया गया। 23 मार्च को रादौर के शिव मंदिर अंधेरिया बाग धर्मशाला में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम पर मंथन किया गया। जिसमें



बार एसोसिएशन पंचकूला के नवनियुक्त प्रधान राकेश शर्मा का अभिनंदन किया जाएगा और उन्हें सम्मानित किया जाएगा। बैठक में निर्मल दत्त शर्मा, सहदेव शर्मा खजूरी, अशोक शर्मा खजूरी, बलराम शर्मा मंसूरपुर, एनके शर्मा रादौर, नरेश शर्मा सरपंच भोगपुर, कमल नयन शर्मा व अरविंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाविप ने 11 कन्याओं की करवाई शादी घर की जरूरत का जरूरी सामान दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

भारत विकास परिषद शाखा रादौर के तत्वावधान में कस्बा स्थित रायल पैलेस में जरुरतमंद कन्याओं के लिए 23वें सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। विवाह समारोह में जरूरतमंद परिवारों की 11 कन्याएं विवाह सूत्र में बंधी। अध्यक्षता परिषद के हरियाणा उत्तरप्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष धीरज भाटिया ने की।



कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा के पुत्र नेपाल राणा ने भाग लिया। जेएमआईटी के निदेशक डॉ. संजीव गर्ग, किन्नर समाज की संचालक काजल एवं कांता नपा के नवनियुक्त चेयरमैन रजनीश मेहता व परिषद के प्रांतीय महासचिव कपिल गुप्ता इत्यादि शामिल हुए।

## स्लोगन में इंडियन स्कूल की छात्रा तनवी ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

**यमुनानगर।** उपभोक्ता दिवस के अवसर पर इंडियन पब्लिक स्कूल में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। जिनका शुभारंभ नहेरू युवा केंद्र की स्वयंसेविका पल्लवी ने किया। पल्लवी ने बताया कि स्लोगन प्रतियोगिता में तनवी ने प्रथम स्थान, मोहिनी ने द्वितीय व अमरजीत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं, क्विज प्रतियोगिता में खुशी की टीम प्रथम, तनवी की टीम द्वितीय त व अलीशा की टीम तृतीय स्थान पर रही। विजयी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित किया



गया। शिक्षक नीरज शर्मा ने विद्यार्थियों व कार्यक्रम में शामिल युवाओं को उपभोक्ता अधिकारों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इंडियन पब्लिक स्कूल की संचालिका पलक व गोविंद ने नेहरु युवा केंद्र द्वारा आयोजित किए गए कार्यक्रम की सराहना की।

## सर्वसम्मति से राजेश लगातार तीसरी बार भाजपा के बने जिला अध्यक्ष

- पार्टी को और अधिक मजबूत करने का करेंगे प्रयास: राजेश सपरा
- कृषि मंत्री ने कार्यकर्ताओं के साथ मिठाई खिलाकर करवाया मुंह मीठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भाजपा द्वारा राजेश सपरा को तीसरी बार जिला प्रधान बनाकर उनका गौरव बढ़ाया है। सोमवार को हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा, सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा व भाजपा जिला चुनाव अधिकारी बंतो कटारिया, रोजी मलिक आनंद व सुरेंद्र बनकट समेत अन्य समर्थकों ने उनका मुंह मीठा करवाकर बधाई व शुभकॉमनाएं दी।





यमुनानगर। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा को बधाई देते हुए कृषि मंत्री व अन्य।

नवनियुक्त जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाजपा द्वारा उन्हें लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी के जिला यमुनानगर के सभी वरिष्ठ नेताओं ,मंत्री, विधायक, पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का हार्दिक धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूती देने के लिए वह लगातार कार्य करते रहे हैं और पार्टी ने जो भरोसा दिखाया है उसे पर पूरा खरा उतरेंगे। जिला यमुनानगर में भाजपा को पहले से भी अधिक और ज्यादा मजबूत करने का कार्य पूरी जी जान लगाकर करेंगे। वह सभी भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारीयों को साथ लेकर चलेंगे। मौके पर पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल गुर्जर, नगर निगम मेयर सुमन बहमनी ने भी राजेश सपरा को बधाई दी है।

**पेंशनर्स एवं वरिष्ठ नागरिक वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन**

# सीनियर सिटीजन्स को मिले आयुष्मान का लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

पेंशनर्ज एवं वरिष्ठ नागरिक वेलफेयर एसोसिएशन यमुनानगर द्वारा शहर के माया पैलेस में वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में मुख्यातिथि के रुप में सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने भाग लिया। वहीं, विशिष्ठ अतिथि के रुप में नगर निगम की नवनिर्वाचित मेयर सुमन बहमनी मौजूद रही। जबकि अध्यक्षता एसोसिएशन यमुनानगर के प्रधान बीके मेहता ने की। मौके पर एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को अपना मांग पत्र सौंपा।



यमुनानगर। सिटी विधायक का स्वागत करते एसोसिएशन के पदाधिकारी।

एसोसिएसन के प्रधान बीके मेहता ने बताया कि मुख्यमंत्री के नाम विधायक को सौंपे गए मांग पत्र में हरियाणा सरकार के समक्ष अपनी उचित मांगे उठाई गई हैं। उन्होंने बताया कि मांग पत्र में बताया गया है कि केन्द्र सरकार द्वारा आयुष्मान योजना जो पूरे भारत में लागू है हरियाणा में इस योजना का लाभ वरिष्ठ नागरिकों को प्राप्त नहीं हो रहा है। अस्पतालों यहां तक कि पीजीआई चंडीगढ़ में भी आयुष्मान योजना के कार्ड स्वीकार नहीं किए जाते हैं। मांग पत्र में हरियाणा सरकार से सेवानिवृत्त पैंशनर्ज के कैशलेस मेडिकल कार्ड बनाए जाने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि सेवानिवृत पेंशनर्ज के कैशलेस मेडिकल कार्ड बनाए जाने को लेकर हालांकि सरकार ने 7 जुलाई 2024 को नोटिफिकेशन जारी कर दी थी। मगर वित्त व लेखा विभाग द्वारा सभी पेंशनर्स व उनके आश्रितों का डाटा आयुष्मान विभाग को ना भेजने के कारण मेडिकल कार्ड नहीं बन रहे हैं। 65,70 व 75 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर क्रमशः 5,10 व 15 प्रतिशत के मूल पेंशन में बढ़ोतरी जैसा कि हिमाचल, पंजाब, चंडीगढ़, आंध्र प्रदेश तथा कुछ अन्य राज्यों में यह सुविधा प्रदान की हुई है। इस समय यह सुविधा 80 वर्ष पूर्ण होने पर मिलती है। नियमित चिकित्सा भत्ते की वर्तमान दर मंहगाई के हिसाब से संशोद्धित की जाए। चश्मा, दांतों व कानों की सुनने वाली मशीन के दामों में मार्केट रेट बढ़ाए जाएं। कम्यूटेशन की अवधि 16 वर्ष की बजाय 10 वर्ष की जाए। कई राज्यों ने भी इस अवधि को कम किया है। उच्चतम न्यायालय व उच्च न्यायालय द्वारा पेंशर्ज के हित में समय समय दिए गए निर्णयों को सामान्यीकरण करके सभी पर लागू किया जाए। विधायक ने एसोसिएशन को उनकी मांगो के पूरा करवाने का आश्वासन दिया है।

**ये रहे मौजूद:** इस मौके पर परमजीत मेहता, डॉ. पवन कुमार धीमान, एसके बंसल, हरि सिंह ढींगला, एसएल दुरेजा, टेक चंद गौतम, एसके वर्मा, दयाल चंद, डीसी गोयल, कुंदन कालड़ा, आशा मेहता, विजय बब्बर, हरमीत कौर, प्रवीण छाबड़ा, रमन आहूजा व गुरदीप कौर आदि मौजूद रहे।

# पूर्व जिला महामंत्री तजिन्द्र सिंह गोल्डी को बनाया भाजपा जिलाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

भारतीय जनता पार्टी ने संगठन का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी है। कुरुक्षेत्र से भाजपा के जिला महामंत्री रहे तजिन्द्र सिंह गोल्डी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया है। चुनावी प्रभारी बनवारी लाल ने तजिन्द्र सिंह गोल्डी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनने की घोषणा की। बनवारी लाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी में अच्छी परपंरा है। पहले मंडल अध्यक्षों का चुनाव हुआ वह सर्वसम्मति से बनाए गए और अब जिलाध्यक्ष भी सर्वसम्मति से बनाया गया है। बनवारी लाल ने कहा कि पिछले 10 सालों से देश व प्रदेश में भाजपा की सरकार है। भाजपा सरकार हर वर्ग के लिए जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है जिसका हर वर्ग को घर बैठे लाभ मिल रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार आगे भी जनकल्याणकारी कार्य करती रहेगी। पूर्व मंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि जिलाध्यक्ष पद हेतु 48 आवेदन प्राप्त हुए थे, सभी ने अपने नाम वापिस ले लिए है। चवही जिलाध्यक्ष बनाएं जाने पर तजिन्द्र सिंह गोल्डी ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बडौली, चुनाव प्रभारी बनवारी लाल, पूर्व मंत्री सुभाष सुधा व पूर्व जिलाध्यक्ष सुशील राणा का धन्यवाद किया। तजिन्द्र सिंह गोल्डी ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर आगे बढ़ने का कार्य किया जाएगा।



कुरुक्षेत्र। पत्रकारों से बातचीत करते चुनावी प्रभारी बनवारी लाल, पूर्व राज्य मंत्री सुभाष सुधा व अन्य।

### ये रहे मौजूद

*इस अवसर पर भाजपा नेता सुभाष कलसाना, रविंद्र सांगवान, धर्मबीर डागर, मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, विनीत कवातरा, पार्षद सुधीर चुघ सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।*

### पवन आश्री ने सीएम का जताया आभार



कुरुक्षेत्र। हरियाणा भाजपा आलाकमान एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा वर्षो से भाजपा के कर्मठ, सक्रिय, मेहनती कार्यकर्ता तजिंद्र सिंह गोल्डी को कुरुक्षेत्र भाजपा का नया जिला अध्यक्ष मनोनीत करने पर भाजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ हरियाणा की प्रांतीय कार्यकारणी के सदस्य व राष्ट्रपति अवार्डी पवन आश्री ने आभार जताया है। उन्होंने कहा कि पार्टी आलाकमान ने इस पद पर वास्तव में पार्टी के एक निष्ठावान, वफादार एवं धरातल से जुड़े कार्यकर्ता तजिंद्र सिंह गोल्डी को मौका दिया है, जो निश्चित रूप से भाजपा की समस्त नीतियों पर खरा उतरने वाले होनहार युवा हैं। पवन आश्री ने इस नियुक्ति के लिये मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पंडित मोहन लाल शर्मा, हरियाणा भाजपा के महामंत्री एवम कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी, सांसद नवीन जिंदल, पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा का आभार जताया है।

# संयुक्त किसान मोर्चा 20 मार्च को सीएम आवास पर करेगा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

किसान सभा के जिला प्रधान प्रताप सिंह ने कहा कि 20 मार्च को संयुक्त किसान मोर्चा गेहूं की फसल पर 1000 रुपए बोनस देने, नहरों में पानी छोड़ने,पिछले दिनों ओलावृष्टि से बर्बाद फसलों के मुआवजे देने,सरसों की खरीद जल्द शुरू करने की मांगो को लेकर प्रदर्शन करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री से किसानों के हरियाणा के लंबित मुद्दों के समाधान के लिए किसान आंदोलनकारियों से बात करने की मांग की है। मुख्यमंत्री हरियाणा के किसान आंदोलनकारियों से बात नहीं कर रहे। संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा ने पिछले दिनों नरवाना में मीटिंग में किसान आंदोलन के लंबित मुद्दों पर जिसमें कृषि विपणन पर राष्ट्रीय नीति फ्रेमवर्क को रद्द करवाने, स्मार्ट मीटर योजना को रद्द करने, एमएसपी की कानूनी गारंटी,किसान मजदूरों की कर्जा मुक्ति समेत अन्य मुद्दों पर आगामी आंदोलन की योजना बनाई थी। कहा कि हरियाणा विधानसभा में नई कृषि बाजार नीति को रद्द करने को मांग के लिए संयुक्त किसान मोर्चा 20 मार्च को कुरुक्षेत्र में बड़ा आक्रोश प्रदर्शन करेगा और फिर भी इन मुद्दों का हल नहीं होगा तो अनिश्चित आंदोलन शुरू किया जाएगा ।

## किसी ने बजट को हर वर्ग के लिए फायदेमंद बताया तो किसी ने कहा कि व्यापारियों व किसानों के लिए कोई घोषणा नहीं

# आम बजट : सत्ता पक्ष ने सराहा तो विपक्ष ने नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा सोमवार को पेश किए आम बजट को सत्ता पक्ष ने सराहनीय बताया है, जबकि विपक्ष ने इस बजट को नकारा है। इस बजट को जहां पक्ष के लोगों ने हर वर्ग के लिए फायदेमंद बताया है। कहा कि किसान, व्यापारी, कर्मचारी सहित आम वर्ग के लोगों को इस बजट से फायदा मिलेगा। किसानों के लिए भी कई अहम घोषणाएं बजट में की गई हैं। वहीं विपक्ष के लोगों ने इस बजट को नकारा दिया है। कहा कि बजट में बेरोजगारी व महंगाई को कम करने के लिए कोई प्रावधान नहीं दिया गया। व्यापारियों व किसानों के लिए भी बजट में कोई घोषणा नहीं की गई। हर वर्ग के लोगों को बजट से जो उम्मीद थी, वह पूरी नहीं हो पाई। आज महंगाई लगातार बढ़ रही है, खाद्य पदार्थो के भाव बढ़ रहे हैं, इससे आम आदमी को रोजी-रोटी का जुगाड़ करना मुश्किल हो गया है। बजट को लेकर पक्ष-विपक्ष के लोगों से बातचीत की गई तो, उन्होंने इस तरह से अपनी प्रतिक्रिया दी।

### बजट हर वर्ग के हित में : रेखा वाल्मीकि



भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा की सरकार हर वर्ग की सरकार है और हर वर्ग के हितों का विशेष ध्यान कर ही सरकार ने बजट पेश किया है। बजट में सबका साथ और सबका विकास पर बल दिया है। बजट पूरी तरह संतुलित है। खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए भी योजना बनाई गई है। किसान, कर्मचारी, महिलाओं व युवाओं पर विशेष फोकस किया गया है। स्वास्थ्य और शिक्षा सुविधाओं को बेहतर बनाने की गारंटी सीएम ने बजट में दी है।

### विकास व रोजगार पर बल : अनिल वर्मा



भाजपा कला और संस्कृति प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल वर्मा ने कहा कि बजट समाज के सभी वर्गो के विकास की सोच को दर्शाता है। मेक इन हरियाणा पर जोर दिया गया है। समाज के सभी वर्गो का विकास होगा और सामाजिक क्षेत्र पर बल दिया गया है। यह बजट सरकार की विकासोन्मुख सोच को दर्शाता है। बजट में ग्रामीण विकास का भी पूरा ख्याल रखा गया है। सीएम ने युवाओं को रोजगार देने का वादा किया गया है।

### हर वर्ग का ख्याल रखा : रूबल शर्मा



भाजपा के युवा नेता रूबल शर्मा ने कहा कि यह बजट आम जन मानस के राहत देने वाला, नए भारत की परिकल्पना को साकार करने वाला, आ त्म नि र्भ र बनाने वाला बजट है। शिक्षा व स्वास्थ्य, गांव, गरीब, किसान, युवाओं के लिए नया नया सवेरा लेकर आएगा। आम बजट पूरी तरह से संतुलित बजट है। इसमें हर वर्ग का ख्याल रखा गया है। भविष्य में इस बजट का असर लोगों को देखने को मिलेगा। यह बजट लोगों के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा।

### लोकलुभावन साबित हुआ बजट : बवेजा



किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष एडवोकेट मधुसूदन बवेजा ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया आम बजट पूरी तरह से फ्लाप साबित हुआ है। इसमें सभी वर्ग के लोगों की अनदेखी की गई है। यह पूरी तरह से पूंजीपतियों का बजट बनकर रह गया है। आम बजट से लोग अपने आप को ठगा महसूस कर रहें हैं। इससे आम नागरिकों को कोई लाभ नहीं मिला सका है। कुल मिलाकर आम बजट लोकलुभावन साबित हुआ है।

### बजट निराश करने वाला : जवाहर गोयल



आम आदमी पार्टी लीगल सैल के प्रदेश उपाध्यक्ष एडवोकेट जवाहर गोयल ने कहा कि बजट जनता को निराश करने वाला है। कई घोषणाएं जो पहले हो चुकी हैं उन्हें दुहराया गया है। जनता के लिए कुछ नया पेश नहीं किया। हर वर्ग मे मायूसी है। जनता ने बड़ी उम्मीदें लगाकर भाजपा की सरकार को बहुमत दिया था, लेकिन इस सरकार ने जनता को विश्वास तोड़ दिया है। जो वायदे सत्ता में आने से पहले किए गए थे, उनमें से एक भी पूरा नहीं किया है।

### उम्मीदें हुई तार-तार : रीना वाल्मीकि



राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय संयोजक रीना वाल्मीकि ने कहा कि भाजपा की सरकार से जनता को ढेरों उम्मीदें थी। बजट में जनता को कुछ नया नहीं दिया गया है। गरीब, किसान व मजदूर के हित में कोई नई योजना को धरातल नहीं दिया गया। किसानों के हितों का तनिक भी ख्याल नहीं रखा गया और व्यापारियों को भी कोई विशेष नहीं दिया। बजट पूरी तरह निराश करने वाला है। बजट जनता की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा।

### बजट पूरी तरह से संतुलित : सुभाष कलसाना



*एबीवीपी के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुभाष कलसाना ने कहा कि सरकार का बजट सराहनीय है। व्यवसायियों एवं आम लोगों के हित में है। इसमें सभी वर्ग के लोगों का ख्याल किया गया गया है। बजट पूरी तरह से संतुलित है। इसमें सभी वर्ग के लोगों का ख्याल रखा गया है। इसका दूरगामी प्रभाव देखने को मिलेगा। इस बजट को लेकर सरकार की जितनी भी तारीफ की जाए वह कम होगी।*

### जन हितैषी होने का दिया सबूत : कंवलजीत कौर



*जिला परिषद की चेयरपर्सन कंवलजीत कौर ने कहा कि सरकार ने बजट में कौशल विकास एवं रोजगार को प्राथमिकता दी है। हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है। मुख्यमंत्री ने बजट में हर वर्ग का ख्याल रखा है। इसा बजट से प्रदेश विकास की ओर अग्रसर होगा। महिलाओं को लाडो योजना की सौगात मिलेगी। जिसके लिए करोड़ों रुपए की राशि का प्रावधान रखा गया है।*

# मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र के लाखों लोगों को दी बजट में अनोखी सौगात : सुभाष सुधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा के पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी ने अपने पहले बजट में कुरुक्षेत्र को करोड़ों रुपए की एक दर्जन से ज्यादा परियोजनाओं की सौगात देने का काम किया है। इस बजट में पिपली उमरी में संत शिरोमणी रविदास के स्मारक के लिए प्रारम्भिक निधि के लिए 5 करोड़ और सिख संग्रहालय का निर्माण कार्य शुरू करने के साथ-साथ कुरुक्षेत्र में विश्राम गृह और लाडवा में नए न्यायालय के निर्माण के प्रौजेक्ट का प्रावधान किया है। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने आमजन की तरक्की के लिए तैयार किए गए बजट प्रस्तुत करने पर मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री नायब सिंह सैनी की प्रशंसा करते हुए कहा कि पहली बार कुरुक्षेत्र को बजट में करोड़ों रुपए की परियोजनाओं की एक साथ सौगात मिली है। इसके लिए कुरुक्षेत्र जिले के लाखों लोग मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के आभारी रहेंगे। इस बजट में कुरुक्षेत्र में स्थित राज्य-स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैबोरेटरी का आधुनिकीकरण किया जाएगा। इसके लिए 20 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। इस बजट में बुनियाद कार्यक्रम वर्ष 2022-23 में 9वीं तथा 10वीं कक्षाओं के विद्यार्थियों की बुनियादी समझ को बढ़ाने के लिए शुरू किया गया था ताकि वे देश और प्रदेश स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार हो सके इसके लिए 103 ऑनलाईन केन्द्रों के माध्यम से हर वर्ष करीब 6हजार विद्यार्थियों को इस कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित किया जाता है। विद्यार्थियों और अभिभावकों की बढ़ती हुई रुचि और आग्रह पर 2025-26 शैक्षिणक सत्र से कुरुक्षेत्र में इसे ऑफलाईन माध्यम से भी शुरू किया जाएगा।

### कुरुक्षेत्र लाडवा रिंग रोड बनेगा

पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि बजट में अंबाला रिंग रोड की तरह पिहोवा, कुरुक्षेत्र रिंग रोड का निर्माण करने का उल्लेख किया गया है। इस परियोजना को एनएचएआई के माध्यम से पूरा किया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट में कुरुक्षेत्र विश्विद्यालय में नया खेल उत्कृष्टद्वता केंद्र खोलने का प्रस्ताव रखा गया है। इस केंद्र से राष्टद्रीय व अंतर्राष्टद्रीय स्तर के खिलाडी तैयार किए जाएंगे। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि बजट में पिपली जीटी रोड पर पीपीपी मोड पर आधुनिक नए बस स्टैंड का निर्माण कार्य शुरू करने का प्रस्ताव भी रखा गया है। इस परियोजना से रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों को फायदा मिलेगा।

### कैंसर पीड़ितों के लिए डे केयर सेंटर बनाने का प्रस्ताव

कुरुक्षेत्र में कैंसर के मरीजों के लिए डे केयर सेंटर बनाने का प्रस्ताव रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र में स्थित राज्य स्तरीय ड्रग टेस्टिंग लैबोरटरी के आधुनिककरण के लिए 20 करोड़ रुपए की राशि का प्रावधान किया गया है, पर्यटन व पुरातत्व केन्द्रों पर गाईड की व्यवस्था, ओपन कौशल प्रतियोगिता का आयोजन, आधुनिक अवसरंचना वाले कौशल केन्द्र की स्थापना की जाएगी।

## अंत्योदय महिलाओं को सरकार देगी 500 रुपये में गैस सिलेंडर : कपिल

पिहोवा। उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने बताया कि खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से संचालित हर घर-हर गृहिणी योजना अंत्योदय परिवारों की महिलाओं को 500 रुपए की रियायती दरों पर एलपीजी सिलेंडर हर महीने दिया जाएगा। एसडीएम कपिल कुमार ने बताया कि हरियाणा सरकार ने बीपीएल परिवार की महिलाओं को प्रति माह 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की हर घर-हर गृहिणी योजना शुरू कर दी है। अंत्योदय परिवारों की महिलाएं योजना के आधिकारिक पोर्टल ईपीओएसडॉटहरियाणाफूडडॉटजी ओवीडॉटइन पर रजिस्ट्रेशन करवा सकती हैं। उन्होंने बताया कि बीपीएल परिवारों को स्वच्छ ईंधन मिले और महिलाओं के जीवन स्तर में सुधार हो, इसी उद्देश्य से हर गृह-हर गृहिणी योजना का शुभारम्भ किया गया है।

# कला विचारों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति: प्रो. दिनेश कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में ललित कला विभाग में तीन दिवसीय सामूहिक कला प्रदर्शनी अनहद का शुभारंभ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के डीन, एकेडमिक अफेयर्स प्रो. दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि, कला केवल एक माध्यम नहीं, बल्कि विचारों और संवेदनाओं की अभिव्यक्ति है। अनहद प्रदर्शनी इस बात का सशक्त प्रमाण है कि छात्र कला के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परिचय दे रहे हैं और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में अग्रसर हैं। ललित कला विभाग के अध्यक्ष, डॉ गुरचरण सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शनी ललित कला विभाग के तीन विद्यार्थियों विभू त्यागी, कुमुद और एशा चकमा द्वारा आयोजित की गई है। इस अवसर पर ललित कला विभाग के शिक्षक गण डॉ. पवन कुमार, डॉ. राकेश बानी, डॉ. मोनिका गुप्ता, डॉ. आर. के. सिंह, सुशील रंगा, इशू जिंदल व सोहन दक्ष सहित विभाग के अन्य शोधार्थी व विद्यार्थी उपस्थित रहे। यह कला प्रदर्शनी 19 मार्च तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

### डीटीपी की टीम की कार्रवाई

# अवैध कॉलोनी में निर्माण को किया नष्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी

जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में एक गांव 2.5 एकड़ में एक अवैध कॉलोनी में जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार डयूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल के साथ डीटीपी की टीम ने राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव बाहरी में लगभग 2.5 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया। उन्होंने कहा कि डीटीपी विभाग के पास एक अवैध कॉलोनी के पनपने का मामला आया था, जिसके उपरांत विभाग द्वारा भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों को एचडीआर एक्ट 1975 की धाराओं के तहत नोटिस जारी कर जरूरी अनुमति लेने के आदेश दिए गए थे। परंतु भूस्वामी और प्रॉपर्टी डीलरों ना तो अवैध कालोनियों में किए जा रहें निर्माण को रोका और ना ही विभाग से अनुमति प्राप्त की।




कुरुक्षेत्र। बैंक के अधिकारी मृतक के पिता को बैंक ड्राफ्ट सौंपते हुए।

## गीता निकेतन स्कूल शाखा ने मृतक उपभोक्ता के पिता को दिया एटीएम दुर्घटना बीमा का लाभ

कुरुक्षेत्र। यूनियन बैंक आफ इंडिया की गीता निकेतन स्कूल शाखा द्वारा बैंक के उपभोक्ता रहे मृतक रवि कांत के पिता स्वर्ण सिंह को 2 लाख रुपये का एटीएम दुर्घटना बीमा का लाभ दिया गया है। बैंक के क्षेत्रीय प्रमुख जितेंद्र शर्मा और शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने मृतक के पिता स्वर्ण सिंह को दो लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट सौंपा। क्षेत्रीय प्रमुख ने बताया कि रविकांत बैंक के ग्राहक थे। उनका गीता निकेतन स्कूल शाखा कुरुक्षेत्र में खाता था। उन्होंने अपने खाते में एटीएम लिया था। 04 सितंबर 2024 को रविकांत की दुर्घटनावश बिजली के खंभे से गिरने से मौत हो गई थी। यूनियन बैंक गीता निकेतन स्कूल शाखा कुरुक्षेत्र ने मृतक रवि कांत के पिता स्वर्ण सिंह को 2 लाख रुपये का एटीएम दुर्घटना बीमा दावा दिया है। उन्होंने बताया कि मृतक रविकांत ने उपरोक्त एटीएम दुर्घटना दावे में कोई बीमा प्रीमियम नहीं दिया है। शाखा प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया अपने ग्राहकों को नाममात्र प्रीमियम शुल्क के साथ भारत सरकार की विभिन्न बीमा योजनाएं प्रदान करता है।


कुरुक्षेत्र। तजिंद्र सिंह खैहरा गोल्डी को भाजपा कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई देते पार्षद सुधीर चुघ।

## भाजपा में कार्यकर्ताओं को मिलता पूरा सम्मान: चुघ

कुरुक्षेत्र। भाजपा नेता एवं थानेसर नगर परिषद से पार्षद सुधीर चुघ ने कहा कि हरियाणा तथा केंद्र की भाजपा सरकार के हाथों में युवा, किसान, मजदूर, व्यापारी, श्रमिक, गृहणी, कर्मचारी सहित सभी वर्गों के हित पूर्ण रूप से सुरक्षित है। सुधीर चुघ ने भाजपा कार्यालय पर तजिंद्र सिंह खैहरा गोल्डी को भाजपा कुरुक्षेत्र जिलाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं को पूरा मान-सम्मान मिलता है। सुधीर चुघ ने कहा कि कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। कहा कि भारतीय जनता पार्टी सिर्फ और सिर्फ राष्ट्र हित व जनसेवा की बात करती हैं इसलिए भाजपा परिवार से जुड़कर कार्यकर्ता खुद को गौरवान्वित महसूस करता है। देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लगातार आमजन के हित में नए-नए फैसले ले रहे है। सुधीर चुघ ने कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार में पहली बार बिना पर्ची व खर्ची के युवाओं को योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरी मिल रही है।

### निर्माण | लाडवा के विकास कार्यों की समीक्षा के लिए बैठक का आयोजन

#### हरियाणा के सीएम नायब सैनी 30 को विस के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे

# परिवहन विभाग ने 7 नए बस क्यू शेल्टरों के निर्माण को दी मंजूरी, जल्द शुरू होगा निर्माण : एसडीएम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

एसडीएम लाडवा पंकज सेतिया ने कहा कि हरियाणा परिवहन विभाग ने बीड मथाना, मथाना, सोंटी, बीड सोंटी, निवारसी मोड, निवासी कॉलोनी और बोहली मोड में नए 7 बस क्यू शैल्टरों के निर्माण को मंजूरी दी है, जल्द ही इनके निर्माण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। परिवहन विभाग ने बाबैन बस स्टैंड पर रात को प्राइवेट बसों के ठहराव को रोकने के लिए एक कर्मचारी भी नियुक्त किया है, ताकि रोडवेज की बसों को पूरी जगह मिलती रहे। एसडीएम पंकज सेतिया सोमवार को जिला परिषद के पंचायत भवन में उपमंडल लाडवा के विकास कार्यों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इन सभी कामों की हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 30 मार्च को विधानसभा के विकास कार्यों की समीक्षा करेंगे। सभी विभाग अध्यक्ष अपने-अपने विभागों के कामों की प्रगति रिपोर्ट बनाकर जल्द भेंजें। एसडीएम ने बीडीपीओ बाबैन को निर्देश दिए कि बाबैन बस स्टैंड, तहसील क्षेत्र और मार्केट कमेटी क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त रखा जाए। कचारा उठाने के लिए जो व्हीकल लगाया गया है, उसका निरंतर निरीक्षण किया जाए। साथ ही नालों की सफाई का अस्टीमेट बनाकर भेजा जाए। महिला एवं बाल कल्याण विभाग की अधिकारियों को निर्देश दिए कि वो उपमंडल के अंतर्गत आने वाले गांवों में स्थित सरकार बिल्डिंगों और किराये पर चल रही आंगनवाडी केन्द्रों की संख्याओं का डाटा उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने बताया कि 8 मार्च को पंचकूला से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा उपमंडल के विभिन्न गांवों में तैयार की गई आंगनवाडी की 6 भवनों का उद्घाटन भी किया। एसडीएम ने एचएसएएमबी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि क्षेत्र में 12 सड़कों का निर्माण कार्य चल रहा है, जिस तय समय पर पूरा किया जाए और प्रस्तावित अन्य सडकों के निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाया जाए। उन्होंने कहा कि गांव बीड बरटोली, मेहरा, जोगी माजरा में बनाई जा रही व्यायामशालाओं के निर्माण को तय समय पर पूरा किया जाए।



### ये रहे मौजूद

*इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ वीरेन्द्र चौधरी, डीडीपीओ विकास, रोडवेज जीएम शेर सिंह, एक्सईएन एचएसएएमबी सतीश कुमार, एक्सईएन पीडब्ल्यूडी अमित मैहला, एसएमओ लाडवा डा.कृष्ण कुमार, बीडीपीओ राहुल, बीडीपीओ लाडवा साहब सिंह सहित अधिकारीगण मौजूद रहे।*

## खबर संक्षेप

### उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याएं

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने कहा कि समाधान शिविर लगाने का मुख्य उदेश्य लोगो की समस्याओं का मौके पर ही निपटान करना है। यदि किसी मामले मे कोई वेरिफिकेशन या अन्य दस्तावेज जांच संबंधी कारणों से मौके पर समाधान नहीं होता है तो उसे तत्परता से तय समय सीमा मे निपटाना सुनिश्चित करें। उपायुक्त सोमवार काके अपने कार्यालय मे आयोजित समाधान शिविर की अध्यक्षता करने के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इस दौरान उन्होंने शिविर मे पंहुचे लोगो कि समस्याओं को सुना।

### लकड़ी के बुरादे की होगी बोली

**अंबाला।** केंद्रीय जेल की उद्योगशाला में लकड़ी के बुरादे की खुली बोली द्वारा नीलामी की जानी है। खुली बोली 18 मार्च 2025 को प्रातः 10.30 बजे केंद्रीय जेल में होगी। जेल अधीक्षक सतविंद्र गोदारा ने बताया कि सभी इच्छुक व्यक्ति निश्चित तिथि/समय पर कार्यालय जेल अधीक्षक में पहुंचे। इसके लिए नियम एवं शर्ते निर्धारित की गई हैं जिनमें प्रत्येक बोलीदाता को बुरादे लेने हेतु बोली लगाने के लिए राशि 5000 रुपये का डिमांड ड्राफ्ट सुपरीडेंट, सेंट्रल जेल के पक्ष में देना होगा।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का हल आज

**अंबाला।** बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण करने के लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला शहर के अधीक्षक अभियंता यूएचबीवीएन कार्यालय में 18 मार्च 2025 को प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक की अध्यक्षता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधीक्षक अभियंता विनोद कुमार गोयल करेंगे।गोयल ने बताया कि बिजली संबंधित वे समस्याएं जिनका स्थानीय अधिकारियों से मिलने के उपरांत भी कोई समाधान नहीं हो पा रहा है बैठक में रखी जाएंगी।

### वोट बनवाने के लिए किया जागरुक

**अंबाला।** एसडीएम दर्शन कुमार ने कहा कि बीएलओं के साथ-साथ राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि भी लोगों को वोट के लिए जागरूक करें। जिन भी युवाओं की आयु 18 वर्ष की पूर्ण हो तभी वे अपनी वोट फार्म नंबर 6 भर कर बनवा लें। उन्होंने कहा कि बारहवीं तक के स्कूल एवं कालेजों में भी वोट बनवाने के लिए विद्यार्थियों को जानकारी दी जाए। इसके साथ-साथ शिक्षण संस्थानों में भी इस बारे में विद्यार्थियों को जागरूक करें। एसडीएम ने इस सिलसिले में अपने कार्यालय में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक ली।

### अवैध कॉलोनी में निर्माण ढहाए

**अंबाला।** जिला नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा गांव शहजादपुर में लगभग 1 एकड़ में अवैध रूप से विकसित की जा रही एक कॉलोनी में बनी सडक्रों के जाल व नीव तथा दूसरे निर्माण को पूर्ण रुप से धवस्त कर दिया। मौके पर जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान बतौर ड्यूटी मजिस्ट्रेट तैनात थे। जबकि अभिषेक कौशिक (कनिष्ठ अभियंता), भानू (कनिष्ठ अभियंता) तथा रविंद्र कुमार (क्षेत्रानवेशक) भी भारी पुलिस दल के साथ उपस्थित थे। चौहान ने लोगों से अपील की कि वे यहां प्लाट न खरीदे।

### तेज रफ्तार कार ने मारी बाइक को टक्कर

**बराड़ा।** बराड़ा-अधोया रोड पर एक तेज रफ्तार कार ने एक बाईक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार दंपति घायल हो गए। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित प्रदीप कुमार ने बताया कि वह और उनकी पत्नी बाइक पर सवार होकर अधोया से अपने घर लौट रहे थे। इंडियन पेट्रोल पंप के पास पीछे से तेज रफ्तार में आ रही एक सफेद रंग की कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों सडक्र पर गिर पड़े। इस दुर्घटना में प्रदीप कुमार को हाथ, जांघ और पैरों पर चोटें आईं जबकि उसकी पत्नी किरण बाला को सिर, कमर, टांगों और बाजुओं पर गंभीर चोटें लगी।

---

## एक दशक की कसरत के बाद अब आईएमटी स्थापित होने का खुला रास्ता, रोजगार के खुलेंगे नए रास्ते

# 800 एकड़ में स्थापित होगी आईएमटी, राज्य सरकार ने बजट में योजना का किया ऐलान

### पूर्व मंत्री असीम गोयल बोले यह अंबाला के लिए बड़ा दिन, सीएम नायब सैनी का जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सीएम नायब सैनी की ओर से सोमवार को पेश किए गए अपने पहले बजट में अंबाला को आईएमटी की सौगात मिली है। राज्य सरकार ने पहली बार अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने के लिए बजट का प्रावधान करने की घोषणा की है। इस घोषणा के साथ ही पूर्व मंत्री असीम गोयल ने सीएम नायब सैनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि आईएमटी की स्थापना से यहां विकास की नई इबारत लिखी जाएगी। युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। बता दें कि कुछ समय पहले मुख्यमंत्री नायब सैनी अंबाला शहर पहुंचे थे। यहां उन्होंने मंच से यह कहा था की अंबाला की जनता हरगिज़ भी अपने दिल में यह बात न लेकर आए की असीम गोयल विधायक नहीं बन पाए। असीम गोयल की एक विधायक से ज्यादा चल रही है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने आईएमटी का तोहफा देकर अपनी बात को सच साबित किया है।



अंबाला। सीएम नायब सैनी का आभार जताते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

### पूर्व मंत्री लगातार कर रहे थे पैरवी

अंबाला शहर के विकास के लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल लगातार यहां आईएमटी स्थापित करने के लिए पैरवी कर रहे थे। तत्कालीन सीएम मनोहर लाल ने भी अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करने का वायदा किया था। खुद असीम गोयल अंबाला शहर में आईएमटी लगवाने के लिए कड़ी कसरत कर रहे थे। उनके प्रयासों को अब सफलता मिल गई है। आईएमटी की स्थापना से न केवल अंबाला शहर में उद्योगिक क्रांति आएगी बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को भी रोजगार की सुविधा मिलेगी।

### अंबाला के लिए ये बेहद बड़ा दिनः गोयल

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने बजट में सीएम नायब सैनी की ओर से आईएमटी के लिए बजट की व्यवस्था रखने को अंबाला के लिए बेहद बड़ा दिन बताया है। गोयल ने इसके लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यहां आईएमटी लगने से अंबाला महानगर बनने के पथ पर अग्रसर होगा। मुख्यमंत्री ने अंबाला शहर में 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी लगाने के लिए बजट में प्रावधान की जो घोषणा की है इससे यहां के व्यापारी वर्ग का भविष्य भी उज्जवल होगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही वे अंबाला के व्यापारियों को लेकर मुख्यमंत्री का आभार भी व्यक्त करेंगे।

### बजट से पहले की थी मुलाकात

राज्य की भाजपा सरकार की ओर से तीसरे कार्यकाल में पेश किए गए अपने पहले बजट में अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करने के लिए बजट की घोषणा की है। दरअसल आईएमटी के लिए बजट का प्रावधान हो इसके लिए पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कई बार सीएम नायब सैनी से मुलाकात की थी। उन्होंने अंबाला शहर के विकास के लिए आईएमटी के लिए बजट व्यवस्था करने का आग्रह किया ताकि यहां विकास के नए रास्ते खुल सकें। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी असीम गोयल को निराश नहीं किया। उनके भाव और अंबाला के उज्ज्वल भविष्य की मांग को समझते हुए बजट में आईएमटी के लिए बड़ी घोषणा की। 800 एकड़ भूमि पर आईएमटी स्थापित करने के लिए सरकार ने बजट का प्रावधान रखा है। ऐसे में अब आईएमटी स्थापित होने का मार्ग और सरल हो गया है।

### विरोध के बाद रद हुई थी योजना

अंबाला में आईएमटी स्थापित करने को लेकर पिछले एक दशक से कसरत हो रही है। तत्कालीन कांग्रेस सरकार में पूर्व मंत्री विनोद शर्मा ने अंबाला में आईएमटी स्थापित करने का प्रयास किया था। तब उनकी मांग पर कांग्रेस सरकार ने आईएमटी स्थापित करने की मंजूरी भी दी थी। इसके लिए पंजोखरा व आसपास के कई गांवों की 1800 एकड़ जमीन को अधिग्रहण करने की कार्रवाई भी शुरू हो गई थी। मगर कांग्रेस की तत्कालीन लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा व दूसरे नेताओं के विरोध की वजह से आईएमटी की योजना रद्द हो गई थी। हालांकि इसके बावजूद पूर्व मंत्री विनोद शर्मा आईएमटी की स्थापना को लेकर लगातार जोर लगाते रहे। हालांकि प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होने के बाद तत्कालीन विधायक असीम गोयल ने अंबाला शहर में आईएमटी स्थापित करने की मांग तत्कालीन सीएम मनोहर लाल के समक्ष रखी। तब उन्होंने अंबाला शहर के विकास के लिए यहां आईएमटी स्थापित करने का ऐलान किया था। अब यह योजना सिरे चढ़ती दिख रही है।

### सरकार का पहला बजट समग्र विकास की ओर बढ़ाए गए कदम



नंबरदार सुरेश पाल



सरदार गुरपाल सिंह।

- लोगों ने बजट को लेकर सीएम नायब सैनी की तारीफ की, कहा बजट में महिलाओं व युवाओं के साथ के किसानों का रखा गया ख्याल

**नारायणगढ।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा बतौर वित मंत्री विधानसभा में पेश किए गए बजट को ज्यादातर लोगों ने विकासमुखी और सभी वर्गों के लिए कल्याणकारी बताया। नंबरदार सुरेश पाल ने बजट की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा अपनी सरकार का पहला बजट पेश किया गया है। इस बजट में सभी वर्गों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि इस बजट में राज्य के समग्र विकास और सभी वर्गों के कल्याण पर जोर दिया गया है। इससे प्रदेश को आत्मनिर्भर और प्रगतिशील बनाने की दिशा में कदम बढाए गए है। सरदार गुरपाल सिंह बड़ी कोहड़ी ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार का यह पहला बजट है। इसमें किसानों, युवाओं और महिलाओं के लिए बड़ी घोषणाएं की गई है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि और किसानों को राहत देने के लिए नई सब्सिडी योजनाएं लागू की जाएंगी। युवाओं और रोजगार रोजगार सृजन के लिए 10,000 नए पद सृजित किए जाएंगे। हर जिले में स्टार्टअप हब और स्किल डिवेलपमेंट सेंटर स्थापित किए जाएंगे। सेवानिवृत मास्टर केहर सिंह सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा को ओर अधिक मजबूत करने व सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज और दवाइयों की व्यवस्था को मजबूत करने की बात कही गई है। नए बजट में सरकार ने स्कूलों में डिजिटल क्लासरूम और स्मार्ट बोर्ड लगाए जाने। ग्रामीण क्षेत्रों में नए मेडिकल कॉलेज खोले जाने की घोषणा स्वागत योग्य हैं। मास्टर बलजीत सिंह ने कहा कि यह बजट संतुलित और विकासोन्मुखी है। सरकार ने हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं बनाई हैं।


---

## नमन को मिला इंस्पायर अवार्ड

- छात्रवृत्ति के तौर पर मिले दस हजार रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभागद्वारा आयोजित इंस्पायर अवार्ड मानक अवार्ड (2024-2025) के लिए पुलिस डीएवी पब्लिक स्कूल के कक्षा आठवीं के छात्र नमन खटकर का चयन हुआ है। इसके लिए उन्हें इंस्पायर अवार्ड के रूप में 10,000/- रूपये छात्रवृति के रूप में प्राप्त हुए। नमन खटकर ने 'इंटलिजेंस सिस्टम फॉर व्हीकल्स विद एल्कोहल डिटेक्टर' प्रोजेक्ट बनाया जो इस समस्या की जांच करेगा कि शराब पीकर या नशा करके ड्राइविंग करने वालों की जांच किस प्रकार की जाए। स्कूल प्राचार्य डॉ. विकास कोहली द्वारा नमन खटकर के चयनित होने पर प्राप्त सर्टिफिकेट देकर उसका उत्साहवर्धन किया गया तथा उन्होंने इस अवसर पर नमन की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस उपलब्धि को हासिल कर नमन ने अपने पिता रमेश कुमार का व अपनी माता गीता देवी का तथा अपने अध्यापकों का और स्कूल का नाम रोशन किया है।




अंबाला। आठवीं के छात्र नमन को सम्मानित करते प्रिंसिपल। फोटोः हरिभूमि

## छावनी के दो स्कूलों का होगा कायाकल्प

- बीसी बाजार और रामबाग रोड पर राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मरम्मत के साथ होंगे दूसरे कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के रामबाग रोड और बीसी बाजार में स्थित राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल का कायाकल्प एक करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इन स्कूलों में न केवल मरम्मत का काम होगा बल्कि नए कमरों के निर्माण, शौचालय, सीढ़ियों एवं अन्य कार्य भी किए जाएंगे। दोनों स्कूलों को परिवहन एवं बिजली मंत्री अनिल विज ने 50-50 लाख रुपए अपने स्वैच्छिक कोष से शिक्षा विभाग को जारी करने का ऐलान किया है। विज ने बताया कि दोनों स्कूलों में छात्रों की बढ़ती संख्या की वजह से कमरों की कमी थी। अन्य मरम्मत कार्य भी होने वाले थे। इस कारण दोनों स्कूलों में निर्माण एवं मरम्मत कार्य के लिए 50-50 लाख रुपए जारी होंगे। स्कूलों में कक्षाओं के लिए कमरों के निर्माण एवं मरम्मत कार्य होने से विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। गौरतलब है कि विद्यार्थियों की दृष्टि से दोनों सरकारी स्कूल काफी महत्वपूर्ण हैं। आबादी के बीचों-बीच है दोनों स्कूलों में आसपास कॉलोनियों से सैकड़ों विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। विद्यार्थियों की बढ़ती संख्या की वजह से दोनों स्कूलों में सुविधाओं में इजाफा करने के लिए शिक्षा विभाग को एक करोड़ रुपए की राशि स्वैच्छिक कोष से दी है।




अंबाला। रामबाग रोड स्थित सरकारी स्कूल का बाहरी दृश्य। फोटोः हरिभूमि

### बीसी बाजार स्कूल में बनेंगे आठ नए कमरे

बीसी बाजार राजकीय सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मंत्री अनिल विज द्वारा जारी की गई राशि से डबल स्टोरी आठ कमरों का नया सैट बनेगा। इनमें तीन पुराने कमरों को ढहाकर नए सिरे से नया बनाया जाएगा जबकि पांच नए कमरों का निर्माण होगा। यानि कुल आठ नए कमरे स्कूल में बनेंगे। इसी प्रकार से स्कूल में नई सीढ़ियां बनेगी, नाली की मरम्मत एवं अन्य कार्य होंगे।

---

## नस्लें बचाने के लिए प्राकृतिक खेती जरुरी

- सॉयल केयर सोसायटी की ओर से सौंटी में प्राकृतिक कृषि के लाभों को लेकर आयोजित किया गया कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

गांव सौंटी के ग्रामीणों व सॉयल केयर सोसायटी के संयुक्त तत्वावधान में प्राकृतिक कृषि के लाभ पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैथल के गांव करोड़ा के प्रगतिशील किसान मनोज ने प्राकृतिक कृषि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों ने फसलों की पैदावार बढ़ाने के लिए विभिन्न रसायनों का छिड़काव कर रहे हैं। इसके कारण से जमीन की मौलिकता नष्ट हो रही है। दिन प्रतिदिन अनेकों बीमारियां हमारे शरीर को घेर रही हैं इसलिए अब लोगों का रूझान प्राकृतिक खेती की ओर बढता जा रहा है। सॉयल केयर सोसायटी की ओर से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गांव सौंटी में भी प्राकृतिक खेती को आरम्भ करने बारे विचार प्रस्तुत किए गए। इस कार्यक्रम के मुख्य अथिति प्रोफेसर नरेंद्र कौशिक रहे। प्रोफेसर कौशिक ने आह्वान किया कि हमें जैविक खेती को शुरू करने के लिए पहले हमें अपना मन बनाना होगा और जल्दबाजी की बजाय हमें संयम रखना होगा। इस कृषि से आरंभ में लाभ कम हो सकता है लेकिन समय के साथ-साथ कामयाब होगें। हम जैविक खेती के माध्यम से एक एकड भूमि में भी अनेक फसलों का उत्पादन लेकर लाखों रुपए कमा सकते हैं। जिससे हमारी आने वाली फसलों व नस्लों दोनों में सुधार होगा।




अंबाला। कार्यक्रम के दौरान मौजूद सोसायटी पदाधिकारी व ग्रामीण।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में सोसायटी के महासचिव डॉ. अजय अरोड़ा, उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष चंद्र शर्मा, कोषाध्यक्ष डॉ. जसमेर, डॉ. विजेंद्र एवं जसबीर नौंच उपस्थित रहे व अपने विचार व्यक्त किए। साथ ही गांव के मौजूदा सरपंच प्रतिनिधि अजैब सिंह, हरनाम सिंह, हैप्पी सरपंच सौंटा, पूर्व सरपंच रामकुमार, साहब सिंह, सुखबीर सिंह, शेर सिंह, सुखबीर सिंह प्रधान वेलफेयर सोसायटी सौंटी, उपप्रधान बिंटू सैनी, असिस्टेंट प्रोफेसर जसबीर सिंह, गुरबक्श सिंह, सलिदंर कालश, मैनेजर गुरविंदर कालश और जोनी गुर्जर मौजूद रहे।

## डीएवी स्कूल में यज्ञशाला का उद्घाटन

- जस्टिस प्रीतमपाल बोले यज्ञ के वैज्ञानिक व अध्यात्मिक महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बराड़ा

डीएवी स्कूल में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए विद्यालय परिसर में नव निर्मित यज्ञशाला का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व लोकायुक्त एवं डीएवी मैनेजिंग कमेटी के उपप्रधान जस्टिस प्रीतम पाल मुख्य अतिथि रहे। उनके साथ एआरओ डॉ. विकास कोहली एवं विद्यालय प्रबंधक डॉ. आरआर सूरी भी उपस्थित रहे। इस उद्घाटन समारोह में जस्टिस प्रीतम पाल ने मुख्य यजमान की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में मधु बहल (प्रिंसिपल, केबी डीएवी चंडीगढ़) और सरदार गुरमीत चोपड़ा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा विभिन्न विद्यालयों के प्रिंसिपल वी. काशीव (यमुनानगर), जयदेव शर्मा (मेजर आरएन कपूर डीएवी, अंबाला कैंट), जीवन शर्मा (डीएवी स्कूल, शाहाबाद), अजय शर्मा (डीएवी, साढौरा), सुरेंद्र शर्मा (डीएवी कॉलेज, पिहोवा) एवं रेखा भी इस अवसर पर मौजूद रहे।



बराड़ा। स्कूल में यज्ञशाला में उद्घाटन करते हुए मुख्यातिथि। फोटोः हरिभूमि

---

**बजट** | ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री ने सीएम नायब सैनी का आभार जताया

### छावनी में नेशनल हाइवे किनारे पर चल रहा निर्माण, 33 एकड़ में किया जा रहा निर्माण

# 538 करोड़ से तैयार हो रहे शहीद स्मारक का होगा लोकार्पणः विज

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

सीएम नायब सैनी की ओर से बतौर वित्त मंत्री पेश किए गए बजट में अंबाला में 538 करोड़ की लागत से तैयार हो रहे शहीद स्मारक का 2025-26 में लोकार्पण का ऐलान किया है। ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने इसके लिए सीएम नायब सैनी का आभार जताया है। उन्होंने बजट को भविष्यमुखी (फ्यूचरिस्टिक) बताया। कहा कि इस बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के विजन को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। इसको तैयार करने से पहले मुख्यमंत्री के पास करीब 11 हजार सुझाव आए थे। उनका अध्ययन करने के बाद ये बजट तैयार किया गया है। विज ने कहा कि प्रदेश के हर कोने में हर वर्ग तक विकास पहुंचाने के लिए हर क्षेत्र में प्रावधान किए गए हैं। मैंने कई बजट देखे हैं, मुझे लगता है कि ये सबसे अच्छा बजट है। उल्लेखनीय है कि आज मुख्यमंत्री ने कुल 2,05,017.29 रुपये का बजट प्रस्तुत किया है, जोकि पिछले बजट अनुमानों से 13.70 प्रतिशत अधिक है। विज ने कहा कि "मैं समझता हूं कि हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर क्लास, प्रदेश के चप्पे-चप्पे तक विकास पहुंचाने के लिए बजट में प्रावधान किए गए हैं। ऊर्जा विभाग के बजट के संबंध में अनिल विज ने कहा कि "ऊर्जा विभाग का जो बजट होता है, हमारी अपनी भी रेवेन्यू बहुत ज्यादा होती है ऐसा कोई बजट घटाया नहीं गया है। जो जो हमने प्रावधान किए थे, वह सभी इसमें रखे गए हैं"। गौरतलब है कि ऊर्जा क्षेत्र में बजट में बताया गया है कि बिजली उपक्रमों का संप्रक्षेण एवं व्यावसायिक घाटा वर्ष 2014-15 के 30 % से घटकर अब 10.4 % हुआ। साल 2023-24 की राष्ट्रीय रैंकिंग में पूरे देश में यूएचबीवीएन और डीएचबीवीएन. क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पायदान पर रहा है।

### उत्कृष्टता केंद्र स्थापित होंगे

पेश किए बजट में अंबाला में लीची, स्ट्राबेरी व खजूर फलों के उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की बात कही गई है। यह पहला मौका है जब सरकार की ओर से किसानों को लीची, स्ट्राबेरी व खजूर की खेती करने के लिए प्रोत्साहित करने के मकसद से उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने का ऐलान किया है। इससे पहले इन फलों के कई केंद्र दूसरे जिलों में चल रहे हैं। मगर यह पहला मौका है जब सरकार की ओर से अंबाला में यह केंद्र स्थापित किया जा रहा है।

## महिलाओं और बेटियों के आर्थिक तौर पर मजबूत होने से प्रदेश भी होगा विकसित

- इकनोमिस्ट प्रो.शुब्दा ठाकुर बोलीत- राज्य सरकार ने बजट में महिलाओं को मजबूत करने करने का किया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

भाजपा सरकार की ओर से अपने तीसरे कार्यकाल के पेश किए पहले बजट से प्रदेश आर्थिकतौर पर मजबूत होगा। खासकर सरकार जिस तरह महिलाओं के विकास को प्राथमिकता दे रही है उससे साफ लग रहा है कि आने वाले समय में महिलाएं ही प्रदेश के विकास में अहम भूमिका निभाने वाली हैं। अंबाला शहर के देव समाज कॉलेज में इकनोमिक्स की प्रोफेसर शुब्दा ठाकुर ने कहा कि जिस प्रदेश की महिलाएं व बेटियां आर्थिक तौर पर मजबूत होंगी निसंदेह वह राज्य विकास के मामले में आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि एक परिवार को आर्थिक तौर पर मजबूत करने की जिम्मेदारी घर की महिला पर होती है। अगर महिला अपने परिवार को आर्थिक तौर पर विकसित करेगी तो असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ना लाजिमी है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने महिलाओं को हर महीने 2100 रुपये देने की घोषणा की है। इससे वे परिवार संपन्नता की ओर बढ़ेंगे जिनकी आर्थिक हालत कमजोर है। प्रोफेसर ठाकुर ने कहा कि जिस तरह अंबाला में स्थापित होने वाली आईएमटी के लिए बजट में प्रावधान रखा गया है।